Publication	DainikJagran
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	V
Edition	Karnal
Date	9th May 2019

दैनिक जागरण

अल्फा अतुल्यम दे रहा सस्ते घर का सुनहरा मौका

जागरण बिजनेस

जासं, करनाल : अफोर्डेबल आवास योजनाओं ने भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में एक नयी क्रांति का संचार किया है। सरकार की ये परियोजनाएं समाज के मध्यम और कम आमदनी वाले परिवारों को सस्ता घर उपलब्ध कराने की मुहिम है। हरियाणा सरकार की ऐसी ही एक स्कीम दीनदयाल जनआवास योजना जिसे आगे बढ़ाते हुए रियल एस्टेट सेक्टर की जानी मानी कंपनी अल्फाकॉर्प ने अल्फा इंटरनेशनल सिटी करनाल में अतुल्यम नाम के परियोजना की शुरुआत की है। परियोजना की आधारशिला रखने के अवसर पर समूह ने भूमि पूजन का आयोजन किया था। मौके पर अल्फाकॉर्प के कर्मचारी, उनके पार्टनर्स, अल्फा इंटरनेशनल सिटी करनाल के निवासी और कुछ खरीददार मौजूद थे। अतुल्यम स्कीम के अंदर अल्फाकॉर्प खरीदारों को प्लॉट आवंटित करेगी। अल्फाकॉर्प के सीईओ आशीष सरीन ने कहा कि 2019 में विभिन्न उपभोक्ता वर्ग के लिए और भी कई नए परियोजनाओं की शुरुआत होगी। करनाल स्थित अल्फा इंटरनेशनल सिटी समग्र जीवन के लिए एक उपयुक्त स्थान प्रदान करता है। करनाल के सेक्टर 28 और 29 में बना यह 350 एकड़ का प्रोजेक्ट एनएच-1 पर दिल्ली और चंडीगढ़ के बीच स्थित है।